C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:16 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:29 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 230 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 8 मार्च 2025

अदाकारी के बाद निर्देशन में कदम...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### खाई में गिरी स्कूटी, तीन युवकों की मौत

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। देर रात एक स्कूटी बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में स्कूटी पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस जांच में जुटी है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में बड़ा हादसा हुआ है। शुक्रवार देर रात कुंडा-दानकोट के पास एक स्कूटी बेकाबू होकर सड़क से लगभग 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में स्कूटी पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे। जवानों ने गहरी खाई में उतरकर रेस्क्यू किया और स्ट्रेचर की मदद से तीनों शव सड़क तक पहुंचाए। आधी रात के बाद शवों को जिला अस्पताल लाया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हादसे में अंकित (27) पुत्र प्रताप लाल, निवासी गुनियाल, टीटू पुत्र राकेश लाल(23), निवासी कुंडा-दानकोट और संदीप (27), निवासी बरसील की मौके पर मौत हो गई।

### चाकूबाजी में एक गंभीर

**हल्द्वानी।** राजपुरा मोहल्ले में एक युवक द्वारा चाकूबाजी की घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली हल्द्वानी में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 1 मार्च को रात करीब 8 बजे की है। पुलिस को दी तहरीर में शालू देवी पत्नी विजय कुमार ने कहा है कि उसके पति अपने मित्र जाफर के साथ राजपुरा मोहल्ले में एक ठेले पर अंडा खा रहे थे। इसी दौरान आरोपी मयंक उसी स्थान पर पेशाब करने लगा। मोहल्ले की एक महिला ने उसे ऐसा करने से मना किया, जिसके बाद पीड़ित विजय कुमार ने भी मयंक से वहां से हटकर कहीं और जाने को कहा। इस पर मयंक भड़क गया और विजय कुमार के साथ गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने विजय कुमार पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। हमले में विजय कुमार के पेट, कमर और बाएं हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मयंक मौके से फरार हो गया।

## नंदगांव में लठामार होली की धूम, राधे-राधे की गूंज

मथुरा
एजेंसी

मथुरा में बरसाना के बाद अब नंदगांव में लठामार होली का आयोजन होगा। इसको लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली में लठामार होली का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। मथुरा के नंदगांव में भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली नंदगांव में लठामार होली की धूम मची हुई है। बरसाने की प्रसिद्ध लठमार होली के बाद अब नंदगांव में भी रंग, उमंग और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा है।



दूरदराज से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। होली के इस अनूठे उत्सव का आनंद ले रहे हैं। रंगों और गुलाल से सराबोर श्रद्धालु ढप और नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए नंदगांव के प्रमुख मंदिरों और गलियों में उमंग के साथ घूम रहे हैं। चारों ओर राधे-राधे और कृष्ण-कन्हैया लाल की जय के जयघोष गूंज रहे हैं। नंदगांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। लठामार होली के मुख्य आयोजन स्थल लठामार होली चौक को विशेष रूप से सजाया गया है। रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और झालरों से पूरा क्षेत्र अद्भुत नजारा पेश कर रहा है। यहां शाम को लठामार होली का मुख्य आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अद्भुत परंपरा के तहत नंदगांव की गोपियां बरसाने के ग्वालों को प्रेम की लाठियों से प्रहार करेंगी और ग्वाले उनकी छेड़छाड़ का आनंद लेंगे। यह आयोजन श्रीराधा-कृष्ण के प्रेम और रासलीला की स्मृति में होता है। इस खेल को देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु उमड़े हुए हैं। इस विशाल आयोजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर तैनात है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

महेंद्र भट्ट और बलूनी का बयान आया सामने

## कैबिनेट: फेरबदल को लेकर फैसले की घड़ी करीब

नई दिल्ली
एजेंसी

मुख्यमंत्री धामी दिल्ली प्रवास पर हैं। उनका दिल्ली में रुकना और केंद्रीय नेताओं से उनकी प्रस्तावित मुलाकातों के सियासी मायने टटोले जा रहे हैं।

उत्तराखंड में भाजपा संगठन और धामी कैबिनेट में फेरबदल को लेकर फैसले की घड़ी करीब मानी जा रही है। पीएम मोदी के उत्तराखंड दौरे के एकदम बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का दिल्ली जाना और वहीं रुकना, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी के आए बयान, जल्द बदलाव की संभावना की ओर साफ इशारा कर रहे हैं। भट्ट ने फिर मीडिया में बयान दिया कि कैबिनेट विस्तार होना तय है। इस बार उन्होंने अपनी यह बात काफी जोर देकर कही। साथ में यह भी जोड़ा कि मुख्यमंत्री इस पर जल्द निर्णय करेंगे।

रोचक बात यह कि भट्ट ने यह बात ऐसे समय दोहराई जब सीएम धामी दिल्ली प्रवास पर हैं और उनके शनिवार को भी वहां रहने की संभावना है। वहीं, बलूनी का यह कहना कि उन्होंने



पार्टी फोरम पर मजबूती के साथ अपनी बात रख दी है, ये सारे इत्तेफाक किसी बड़े फैसले की ओर इशारा तो कर ही रहे हैं।

सीएम का दिल्ली में रुकना और केंद्रीय नेताओं से उनकी प्रस्तावित मुलाकातों के सियासी मायने टटोले जा रहे हैं। चर्चा है कि मसला सिर्फ कैबिनेट विस्तार तक सीमित नहीं है। कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभागों में अदला-बदली भी हो सकती है। बात सिर्फ नए कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की संभावना से ही नहीं जुड़ी है। भाजपा नेतृत्व को राज्य में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर भी निर्णय लेना है। नए मुख्य सचिव भी तय होने हैं। पार्टी से सूत्रों का कहना है कि इन सारी बातों के लिए अब यही माकूल समय है। संगठन-सरकार लोकसभा चुनाव, विधानसभा सीटों पर उपचुनाव और अब स्थानीय निकायों के चुनाव से फारिग हो चुकी है। ऐसे में पार्टी के भीतर अब कैबिनेट विस्तार और उससे भी आगे बदलाव की अटकलें लगाई जा रही हैं तो यूं ही नहीं हैं।

## सरस आजीविका मेले में लोक कलाकारों ने दर्शकों का मन मोहा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित दस दिवसीय सरस आजीविका मेले के दौरान सप्तम दिवस शक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन में लोगों को अपने घर, क्षेत्र एवं नगर को स्वच्छ बनाने के बारे में बताया गया।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण और शहरी इलाकों में ठोस और तरल अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाता है. इसका मकसद है कि जनपद खुले में शौच से मुक्ति हो और स्वच्छता का स्तर बढ़े। सरस आजिविका की गोष्ठी में नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने लोगों से अपील की है कि अपने घर के कूडे को नगर निगम के कूडा वाहनों में ही डालें। उन्होंने कहा प्रत्येक वार्ड में नगर निगम के कूडा वाहनों के द्वारा प्रतिदिन कूडा एकत्रित किया जाता है फिर भी लोगों कूडा खुले में डाला जाता है जो एक सभ्य समाज के लिए उचित नही है। उन्होंने नगर निगम की जनता से अपील की है कि स्वच्छ भारत मिशन में अपना सहयोग दें और नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें।

इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ, समूहों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। इस प्रकार के मेले में लगने वाली बाजार से एक हमारी विशुद्ध ऑर्गेनिक चीजों को अधिक बढ़ावा मिलेगा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कालाढूंगी नगर पंचायतअध्यक्ष रेखा कतूरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे। सास्कृतिक संध्या में हल्द्वानी के आंचल कला केंद्र कलाकारों के द्वाराफूलों की होली से प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोहा।



## पड़ोसियों के बीच विवाद लगाया जानलेवा हमला करने का आरोप

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भोटिया पड़ाव स्थित आवास विकास कॉलोनी में पड़ोसियों के बीच विवाद को लेकर हुई हिंसक घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाना प्रभारी को शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 26 फरवरी को दोपहर करीब 1:45 बजे पड़ोसी एमएस बिष्ट, प्रमिला बिष्ट (पूजा), साहिल बिष्ट और यश बिष्ट ने गीता बोरा पत्नी शिव सिंह बोरा के दोनों पुत्रों पर जानलेवा हमला किया। घटना के दौरान प्रमिला बिष्ट ने पीड़ित युवकों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें उकसाने की कोशिश की, लेकिन युवकों ने संयम बरतते हुए उन्हें समझाने का प्रयास किया। जब पीड़ित परिवार के युवकों को उकसाने की कोशिश नाकाम रही, तो एमएस बिष्ट, प्रमिला बिष्ट और यश बिष्ट ने बल्ले और ईंट से हमला कर दिया। इस दौरान बड़े पुत्र मनोज बोरा के सिर पर ईंट से वार किया गया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और सात टांके लगे। वहीं, छोटे पुत्र मुकुल बोरा के हाथ पर बल्ले से प्रहार किया गया, जिससे उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद दोनों युवकों को कृष्णा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उन्हें और उनके पुत्रों को जान से मारने की धमकी भी दी है।

## महिला सशक्तिकरण योजनाओं का होगा ऑडिट, दिए निर्देश

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्य सचिव ने उत्तराखंड महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक ली। उन्होंने महिला सशक्तीकरण की विभिन्न योजनाओं की शुरुआत से अभी तक कितनी महिलाओं को लाभ पंहुचा, इसके लिए सभी योजनाओं का प्रदर्शन ऑडिट कराने के निर्देश दिए। महिला सशक्तीकरण से जुड़ी सभी योजनाओं का ऑडिट किया जाएगा। इससे यह पता लगेगा कि किस विभाग की योजना का प्रदर्शन बेहतर है या खराब। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ऑडिट करने के निर्देश दिए। साथ ही महिला योजनाओं में लाभार्थियों की सटीक जानकारी अधिकारियों से तलब की। शुक्रवार को सचिवालय में मुख्य सचिव ने उत्तराखंड महिला एवं



बाल विकास समिति की बैठक ली। उन्होंने महिला सशक्तीकरण की विभिन्न योजनाओं की शुरुआत से अभी तक कितनी महिलाओं को लाभ पंहुचा है, इसके लिए सभी योजनाओं का प्रदर्शन ऑडिट कराने के निर्देश दिए। योजनाओं के लक्षित वर्ग पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर योजनाओं के गुणवत्ता में सुधार करने को कहा। मुख्य सचिव ने सचिव स्तर पर इन योजनाओं के नए ड्राफ्ट पर कार्य करने की जिम्मेदारी तय की है। उन्होंने लक्षित वर्ग को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी मूल्यांकन की हिदायत दी। उन्होंने सचिव महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास को मुख्यमंत्री महिला सतत आजीविका योजना के साथ ही विभिन्न विभागों के माध्मय से संचालित महिला आजीविका से जुड़ी सभी योजनाओं को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के तहत मेधावी छात्राओं के लिए देशभर में शैक्षिक भ्रमण कराने की योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं के लिए एनीमिया उन्मूलन अभियान को जन अभियान बनाते हुए गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव चंद्रेश यादव, विनय शंकर पांडेय, नीरज खैरवाल समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रजत जयंती और विकसित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग की ओर से शुक्रवार को उत्तराखंड की रजत जयंती और विकसित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राज्य के विकास, सामाजिक बदलाव और भविष्य की संभावनाओं पर गहन मंथन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति और विशेषज्ञ शामिल हुए।






इससे पूर्व सम्मेलन की शुरुआत में वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने सम्मेलन का महत्व और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे समय में हैं जब शिक्षा में सुधार, आर्थिक विकास और सामाजिक स्थिरता के लिए साझेदारी का निर्माण आवश्यक है। बोले केवल सामूहिक प्रयासों से ही हम उत्तराखंड को एक मजबूत और समृद्ध राज्य बना सकते हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड डॉ. सीडी सूंठा ने कहा कि उत्तराखंड का शिक्षा क्षेत्र इस विकास यात्रा का अहम हिस्सा रहा है, इसमें सुधार और नवाचार के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। इस सम्मेलन में हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि शिक्षा में सुधारए आर्थिक विकास और सामाजिक स्थिरता के लिए साझेदारी की आवश्यकता है। नैनीताल विस के पूर्व विधायक डॉ नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि उत्तराखंड की यात्रा केवल राजनैतिक विकास तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव का भी बड़ा हिस्सा है।

इस सम्मेलन से हमें राज्य के विकास के नए रास्ते और रणनीतियों पर विचार करने का अवसर मिला हैए जो आने वाले समय में विकास की गति को और बढ़ाएगा। प्रबंध अध्ययन विभाग भीमताल के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अमित जोशी ने कहा कि इस सम्मेलन में उत्तराखंड के विकास हेतु दृष्टिकोण और समृद्धि के उपायों पर गहन चर्चा हुई है। आने वाले वर्षों में राज्य के समग्र विकास के लिए हमें वैश्विक दृष्टिकोण और स्थिर रणनीतियों की आवश्यकता होगी। पूर्व एजीएम जिला उद्योग केंद्र योगेश चंद्र पांडे ने कहा कि उत्तराखंड में औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन के लिए कई योजनाएं बनाई जा रही हैं। इस सम्मेलन में इस बात पर चर्चा की गई कि किस प्रकार से राज्य में निवेश को बढ़ावा दिया जा सकता है और स्थानीय उद्योगों को मजबूती दी जा सकती है ताकि राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिले। मानव संसाधन विभाग अशोक लीलैंड प्रालि रुद्रपुर के डा. भुवन चंद्र जोशी ने कहा कि मानव संसाधन और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्तराखंड ने कई अहम कदम उठाए हैं। हमें अपने युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने होंगे ताकि वे राज्य और देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें।

संस्थापक माउंटेन विलेज फ उंडेशन कीवा सिंह ने कहा कि पर्यटन और पारिस्थितिकी के क्षेत्र में उत्तराखंड की अनमोल धरोहर को संरक्षित करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस सम्मेलन ने हमें पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक विकास के तरीकों पर नए दृष्टिकोण दिए हैं जिन्हें राज्य के विकास में शामिल किया जा सकता है।

अंत में विभाग की प्राध्यापिका डॉ. आरती पंत ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. अंकिता आर्या ने किया। इस मौके पर प्रो. ललित तिवारी, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. तेज प्रकाश, डा. पूजा जोशी पालीवाल, डॉ. गौतम रावत, पंकज भट्ट, सूबिया नाज, दीक्षा, चंदन जलाल, घनश्याम पालीवाल तथा बिशन कुमार आदि रहे। संचालन डॉ. अंकिता आर्या ने किया।



## देवी-देवताओं का आह्वान कर मंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल के बर्खास्तगी की मांग की

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड क्रांति दल ने आज गार्गी नदी, रानीबाग में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें उन्होंने उत्तराखंड के मंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल की बर्खास्तगी की मांग की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने गंगा माता और 33 करोड़ देवी-देवताओं का आह्वान कर प्रदेश सरकार के मंत्री को तुरंत बर्खास्त किए जाने की प्रार्थना की। उत्तराखंडी समाज को न्याय नहीं मिलने के कारण दल के सदस्य गंगा माता की शरण में न्याय की प्राप्ति के लिए पहुंचे। इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, पार्षद रवि वाल्मीकि, यूकेडी नेता नगर अध्यक्ष हरीश जोशी तथा छात्र नेता करन जोशी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नेताओं ने कहा कि जब तक समाज को न्याय नहीं मिलता, तब तक वे देवी-देवताओं और माँ गंगा से न्याय दिलाने की प्रार्थना करते रहेंगे।

## बीडी पांडे अस्पताल में जन औषधि के बारे में जानकारी दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में जन औषधि दिवस के उपलक्ष्य में बीडी पांडे अस्पताल में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम के दौरान लोगों को जन औषधि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य पीएमएस तरुण कुमार टम्टा रहें।

इस दौरान अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट आइके जोशी ने बताया कि जन औषधि केंद्र में मिलने वाली व बाजार में मिलने वाली दवाओं का सॉल्ट एक ही होता है। लेकिन जन औषधि केंद्र में मिलने वाली दवाओं के दाम बाजार में मिलने वाली दवाओं से बहुत कम होता है। इस दौरान पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने मरीजों से जन औषधि केंद्र से दवाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र में दवाओं के साथ स्वास्थ्य के साथ ही इसके अच्छे परिणाम भी मिलते हैं जो बाजार डर से बहुत कम दाम में मिलते हैं।

इस दौरान डॉ.एमएस दुग्ताल, डॉ. मोनिका कांडपाल,डॉ. नरेंद्र रावत, डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. अनिरुध गंगोला, डॉ. गरिमा कांडपाल, मेट्रन शशिकला पांडे, मुस्तक़ीन अहमद ,डीएस गंगोला,दीपक कुमार, प्रीति,जितेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहें।



## NEWS / फटाफट

### चुनाव में किसी भी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ शाखा नगर पालिका परिषद नैनीताल (रजि सख्या 376) के आगामी 18 मार्च (मंगलवार) को होने जा रहे चुनाव के लिए शुक्रवार को नाम वापसी का दिन तय था। बता दें चुनाव में किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इस तरह अब अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा जबकि सचिव एवम उपसचिव पद पर सीधा मुकाबला होगा। दूसरी ओर शुक्रवार को चुनाव कमेटी के द्वारा चुनाव चिन्ह वितरण किये गये। मुख्य चुनाव अधिकारी अमित सहदेव ने सभी प्रत्याशियों से गुजारिश की वह चुनाव में शान्ति व्यवस्था और नियमानुसार चुनाव समपन्न कराने में सभी अपना पूरा सहयोग और योगदान दें। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी संजय भगत, चुनाव परिवेक्षक ओम प्रकाश चौटाला, दिनेश रत्नाकर, मनोज चौहान, राहुल, मनोज कुमार, अनिल कटियार आदि मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश सचिव दिनेश कटियार का विशेष मागदर्शन रहा।

### तीसरे दिन भी जारी रहा स्नो स्कीइंग का प्रशिक्षण



**नैनीताल ।** कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित बैटुलीधार मुनस्यारी में शुक्रवार को तीसरे दिन भी छात्रों का स्नो स्कीइंग का प्रशिक्षण जारी रहा । कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने कहा कि मुनस्यारी क्षेत्र के 20 छात्रों ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी प्रात: पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधरोपण किया। प्रार्थना राष्ट्रगान और शपथ लेने के बाद बैटुलीधार में स्कीइंग की जानकारी ली । प्रशिक्षण लक्ष्मण राम, खुशाल राम, मनोज कुमार तथा राहुल कुमार द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की साथ ही पर्यटकों ने भी स्कीइंग का लुफ्त उठाया।

### दो फरार चल रहे वारंटियों को किया गिरफ्तार

**नैनीताल।** एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एसपी जगदीश चंद्रा सीओ प्रमोद साह के निर्देशों पर थाना तल्लीताल के थानाध्यक्ष रमेश बोरा ने दो टीमों का गठन किया। इसके तहत पुलिस ने पहले वारंटी अमित कुमार, निवासी खूपी भूमियाधार, ज्योलिकोट और दूसरे वारंटी कृष्ण कुमार निवासी जैन मंदिर वाली गली, काशीपुर को गिरफ्तार किया। लंबे समय से फरार चल रहे एनबीडब्ल्यू के दोनों वारंटी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई श्याम सिंह बोरा, कांस्टेबल मलकीत कंबोज, चनीराम, एसआई सुनील कुमार, कांस्टेबल अनूप सिंह शामिल रहे।

### 52 पव्वे शराब समेत एक दबोचा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने हल्द्वानी के हरिपुर लालमणि गाँव के पास भट्ट जनरल स्टोर के नजदीक एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 52 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई हैं। आरोपी के खिला आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस रामपुर रोड में गश्त पर थी। इस दौरान भट्ट जनरल स्टोर के पास एक व्यक्ति को सफेद रंग का कट्टा लिए हुए देखा गया। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति सकपकाकर गाँव की ओर भागने लगा जिस पर पुलिस ने उसे धर दबोचा। उसके पास मिले कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें 52 पव्वे शराब के बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नीरज भट्ट पुत्र स्व. हीरा बल्लभ भट्ट निवासी हरिपुर लालमणि (संपदा विहार) देवलचौड, हल्द्वानी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है जिसकेबाद आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी चल रही थी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## समझौते के लिए बुलाकर लाडी डंडों से हमला किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद समझौते के लिए बुलाकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी डण्डों से हमला कर दिया। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में नुसरत पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम कच्ची खमरिया लालपुर ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि 3 मार्च को उसकी कच्ची खमरिया निवासी महबूब पुत्र महमूद के साथ कहासुनी हो गयी थी। जिसके बाद महबूब ने अपने दोनो पुत्र दानिश व आकिल तथा अपने रिश्तेदारों शरीफ,फारूख को बुला लिया था। आरोप है कि सब ने मिलकर बुरी तरह मारपीट की। मामले की शिकायत चौकी बिगवाडा में दी थी,लेकिन कुछ लोगो के बीच में पड़ने पर मामले में समझौता करने के लिए शिमला पिस्तौर स्थित नवाब के ऑफिस में पंचायत रखी गयी। नुसरत के मुताबिक मामले को निपटाने के लिए उसकी ओर से मोनिस पुत्र मोबीन अहमद, दिलशाद, पुत्र अब्दुल हमीद, आरफीन उर्फ गूडडू पुत्र सगीर अहमद एवं दो-तीन अन्य लोग शिमला पिस्तौर पहुँच गये और जबकि दूसरी ओर से महबूब पुत्र महमूद, दानिश व मौ. आकिल पुत्र महबूब,शरीफ,फारूख, इजमाम पुत्र खलीलुरहमान, अरबाज पुत्र नवार्जुरहमान, सैफ पुत्र अली हसन,आकिल, फारूख,शरीफ आदि लोग पहुंचे थे। उक्त लोग पहले से ही सोची समझी साजिश करके आये थे उनके पास गाडी में पहले से ही डंडे, लोहे की रॉडे, भाले मौजूद थे। वहां पहुंचते ही उक्त लागों ने गाडी से अपने डंडे, रॉड निकाल लिये और जान से मारने की नीयत सें घेर लिया तथा हमला शुरू कर दिया और कार को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। किसी तरह इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचायी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अधिवक्ता राजीव कुमार के निधन पर शोक जताया

**नैनीताल।** भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल में उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा आयोजित की गई ।

प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने कहा कि भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय से जुड़े अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा का निधन एक अपूरणीय है। कहा कि शर्मा प्रारंभ से ही आचार्य नरेंद्र शिक्षा निधि के अंतर्गत चलने वाले विद्यालयों के प्रबंधन से जुड़े रहे। विद्यालय के समस्त शिक्षकों शिक्षिकाओं ने एवं विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में मौन धारण कर उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की । उनकी धर्मपत्नी प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा जो कि डीएसबी परिसर की कैंपस डायरेक्टर हैं उनके प्रति उनके आवास में जाकर शोक संवेदना व्यक्त की । शोक सभा में प्रवक्ता प्रवीण सती, आलोक साह,डॉ प्रहलाद आर्य गोविंद सिंह बोरा,मंजू जोशी,नवीन पाठक, शिखा, रेवती, दरपान सिंह, भोला सिंह,प्रकाश पौडियाल,उत्कर्ष बोरा व गोविन्द रौतेला मौजूद रहे।

# अभिमत

## घोटाला दर घोटाला

***सबसे बड़ा चौंकाने वाला खुलासा यह है कि कर्मकार बोर्ड ने 22 हजार 426 टूलकिट खरीदीं और सिर्फ 171 बांटीं। इसी तरह 33 करोड़ की साइकिल खरीदी गईं। बहुत से श्रमिकों को दो, तीन, चार बार बांटकर सभी साइकिल खपा दी गईं। शहरों से रोजाना निकलने वाले कचरे के प्रबंधन को लेकर नगर निकायों की अब तक की योजनाएं कचरा साबित हुई हैं। घोटालेबाज राशन से लेकर कचरा तक खाने से नहीं चूके। इससे पहले विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए हुई परीक्षा में घोटाला सामने आया था।***

किसी राज्य में विपक्ष आरोप लगाता है तो सरकार झुठलाने में देर नहीं करती है। उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार में कितने घोटाले हुए यह उंगलियों पर गिनना मुश्किल है। कैग की रिपोर्ट में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में हुए घोटालों का पर्दाफाश किया गया है। टूलकिट, साइकिल और राशनकिट अपात्र लोगों को बांट दिये गये। श्रमिकों की बेटियों या महिला श्रमिक के विवाह के लिए 51 हजार रुपये आर्थिक सहायता नियम तोड़कर बोर्ड ने एक लाख रुपये कर दी और सात करोड़ 19 लाख रुपये ज्यादा बांट दिये। कोराना वायरस के प्रकोप के दौरान पंजीकृत श्रमिकों को डोर-टू-डोर राशन किट बांटने का आदेश हुआ था। नौ करोड़ 36 लाख रुपये की 75 हजार किट खरीद कर बांट दी गईं। यह किट उन्हें बांट दीं जो लोग पंजीकृत नहीं थे। सबसे बड़ा चौंकाने वाला खुलासा यह है कि कर्मकार बोर्ड ने 22 हजार 426 टूलकिट खरीदीं और सिर्फ 171 बांटीं। इसी तरह 33 करोड़ की साइकिल खरीदी गईं। बहुत से श्रमिकों को दो, तीन, चार बार बांटकर सभी साइकिल खपा दी गईं। शहरों से रोजाना निकलने वाले कचरे के प्रबंधन को लेकर नगर निकायों की अब तक की योजनाएं कचरा साबित हुई हैं। घोटालेबाज राशन से लेकर कचरा तक खाने से नहीं चूके। इससे पहले विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए हुई परीक्षा में घोटाला सामने आया था। नकल के जरिये भर्ती परीक्षा पास करने वाले नियुक्ति पा चुके थे। इसके बाद परत-दर-परत खुलती गई और भर्ती घोटालों की सूची लम्बी होती चली गई। राज्य सरकार ने घोटाला उजागर होते ही जांच के आदेश देने में देरी नहीं की। प्रारंभिक जांच में ही भर्ती घोटाले के तार राजनीतिक गलियारे से जुड़े पाये गये। नकल माफिया ने लाखों रुपये लेकर अभ्यर्थियों को नकल कराई। पेपर आउट कराने का भी खुलासा हुआ। विधानसभा सचिवालय में नेताओं के नजदीकियों को नियुक्त करने के मामले में विधानसभा अध्यक्ष ने सख्त कदम उठाते हुए कर्मचारियों को हटा दिया। चयन आयोग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई। कुछ परीक्षाएं पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित की गई थीं। विश्वविद्यालय के कर्मचारी समेत दर्जनों लोगों की गिरफ्तारी हुई। घोटाले से भर्ती कर्मचारी हटा दिये गये, परन्तु राजनीति से जुड़े लोग बचे हुए हैं। कैग की रिपोर्ट के बाद कर्मकार कल्याण बोर्ड के अधिकारियों पर गाज गिराकर सरकार कर्तव्य की इतिश्री कर लेगी।

# साहित्य का निर्माण विषयक कार्यशाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, यूकॉस्ट और उत्तराखण्डी भाषा न्यास (उभान) के संयुक्त तत्वावधान में उत्तराखंडी लोक भाषा में समानार्थी शब्दों का प्रयोग एवं समरूप साहित्य का निर्माण विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुक्रवार से नैनीताल में शुरु हो गयी है।

इससे पूर्व कार्यशाला के प्रथम सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि व कार्यशाला के अध्यक्ष कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत एवं आमंत्रित समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में विशिष्ठ अतिथि प्रो0 दुर्गेश पंत (डीजी यूकॉस्ट) ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। विषय प्रवर्तक डॉ. बिहारी लाल जलंधरी (सचिव उभान), मुख्य वक्ता नीलांबर पांडे (अध्यक्ष उभान) रहे। समस्त अतिथियों का स्वागत प्रो. निर्मला ढैला बोरा (अध्यक्ष हिन्दी विभाग) ने किया जबकि विषय प्रवर्तक डॉ. बिहारी लाल जलंधरी ने कुमाऊंनी और गढ़वाली की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि प्रकाश डालते हुए देशभर की भाषाओं की समरूप शब्दावली पर ध्यान आकर्षित किया। मुख्य वक्ता नीलांबर पाण्डेय ने उत्तराखंड की बोलियों का मुख्य आधार संस्कृत को बताते हुए बोलियों की वर्तमान शब्दावली के संरक्षण व स्वरूप पर बात करते हुए इनकी समरूपता पर कार्य करने व एक प्रतिनिधि भाषा बनाने का सुझाव दिया। मुख्य अतिथि आयुक्त दीपक रावत ने उत्तराखंड के गांवों के नामों के साथ जुड़ी स्थानीय विशेषता बताते हुए अंग्रेजी समाचार पत्रों की भांति उत्तराखंड की बोलियों के शब्दों को समाचार पत्रों में स्थान देने का सुझाव दिया। धन्यवाद ज्ञापन कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग के प्रो. चन्द्रकला रावत, डॉ. शुभा मटियानी, डॉ. शशि पाण्डे, मेधा नैलवाल, डा. कंचन आर्या, डॉ. दीक्षा मेहरा तथा प्रो. सावित्री कैडा जन्तवाल, प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. चित्रा पाण्डेय, प्रो. एम. एस. मावड़ी, डॉ. नन्दन सिंह बिष्ट, प्रो. गीता तिवारी, डॉ. सुची बिष्ट, डॉ. रूमा शाह, डा. प्रभा साह, डॉ. संध्या गडक़ोटी, नीता शाह, डॉ. पृथ्वी सिंह केदारखंडी, सुल्तान सिंह तोमर, डा. हरि सुमन बिष्ट, डॉ. नीता शाह, डॉ. निर्मला जोशी, डॉ. मीना राणा, डॉ. विवेकानंद पाठक, डॉ. भावना जोशी, डॉ. गजेन्द्र सिंह, डॉ. बी.एस. कालाकोटी, डॉ. हयात सिंह रावत के साथ ही ललित मोहन, सृष्टि गंगवार, शिवानी शर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा, भगवती बिष्ट, पूजा, धीरज तथा देवेन्द्र आदि विभिन्न शोधार्थी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। संचालन डॉ0 कपिल कुमार ने किया।

## आरोपी को दोषमुक्त करते हुए आदेश निरस्त

**नैनीताल** । प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट विक्रम की अदालत ने द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल की कोर्ट से एनडीपीएस एक्ट में दोषी ठहराये गए आरोपी को दोषमुक्त करते हुए निचली अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया है । मामले के अनुसार 19 नवम्बर 2019 को रेलवे बाजार तिराहे में रिजवान पुत्र बसरूद्दीन को पुलिस ने 4.5 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था । जिसे द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल की कोर्ट ने 12 जुलाई 2023 को एन डी पी एस एक्ट में दोषी ठहराते हुए 6 माह के कठोर कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई थी । जिसके खिलाफ रिजवान में विशेष न्यायाधीश एन डी पी एस एक्ट की कोर्ट में अपील की थी। विशेष न्यायाधीश एन डी पी एस एक्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस रिकार्ड में विरोधाभास होने पर आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया ।

# डॉ. कंचन वुमन ऑफ सबस्टेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित

**देहरादून/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद, दूरदर्शी सामाजिक सुधारक और उत्तराखंड हेरिटेज मीडिया एडिटर-इन-चीफ डॉ. कंचन नेगी ने एक बार फिर अपनी उपलब्धियों में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ लिया है। शी इंस्पायर्स द्वारा उन्हें वुमन ऑफ सब्सटेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। जो शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके वैश्विक योगदान को मान्यता प्रदान करता है। महिला सशक्तिकरण की प्रतीक डॉ. नेगी उत्तराखंड के चमोली गढ़वाल से हैं और अपने असाधारण समर्पण से शिक्षा और मीडिया के क्षेत्र में एक मिसाल बन चुकी हैं। 54 से अधिक राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित वे समग्र शिक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता के नए आयाम गढ़ रही हैं। डॉ. कंचन नेगी उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज की संस्थापक एवं निदेशक हैं जो छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संस्थान में होटल मैनेजमेंट, मास कम्युनिकेशन एवं जर्नलिज्म, फिल्म निर्माण, विज्ञापन और जनसंपर्क, पर्यटन, अभिनय, वीडियो एडिटिंग आदि क्षेत्रों में डिप्लोमा कोर्स प्रदान किए जाने के साथ ही तीन महीने छ महीने और 9 महीने के कई सारे शोर्ट टर्म कोर्सेस भी संचालित किये जाते हैं। डॉ. कंचन की प्रतिबद्धता किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करने की है, जिससे छात्र भारत और विदेशों में शानदार करियर बना सकें। वहीं डॉ. नेगी एबुलिएंट इंग्लिश इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट और एबीएस कोचिंग हब के माध्यम से सॉफ्ट स्किल्स और कैपेसिटी बिल्डिंग की ट्रेनिंग प्रदान करती हैं। साथ ही आईईएलटीएस, टीओईएफएल और पीटीई कोचिंग देकर अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए छात्रों को तैयार करती हैं। डॉ. नेगी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। वे दूरदर्शन की समाचार वाचिका होने के साथ-साथ लोकप्रिय डॉ. कंचन नेगी शो की मेजबान भी हैं, जो अपनी गहन चर्चाओं के लिए प्रसिद्ध है। डॉ. नेगी का योगदान केवल व्यावसायिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज में व्यापक परिवर्तन लाने की दिशा में भी अग्रसर हैं। शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने के उनके प्रयासों ने अनगिनत लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

# फिल्मी दुनिया

## अदाकारी के बाद निर्देशन में कदम रखने जा रहीं राधिका आप्टे



*अदाकारी में नाम कमाने के बाद अभिनेत्री राधिका आप्टे निर्देशन में डेब्यू करने जा रही हैं। राधिका ने हिंदी सिनेमा को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। अपनी अलग अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेत्री राधिका आप्टे जल्द ही फिल्म कोट्या से निर्देशन में डेब्यू करने जा रही हैं। राधिका आप्टे ने कई बॉलीवुड फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की है। उन्होंने पिछले कुछ सालों में पैडमैन, अंधाधुन, मोनिका और माय डार्लिंग जैसी फिल्मों में बेहतरीन काम किया है। अब राधिका आप्टे एक्शन-फंतासी फिल्म के साथ निर्देशन में कदम रखने जा रही हैं। खबरों के मुताबिक राधिका आप्टे की फिल्म कोट्या एक हिंदी/मराठी एक्शन-फंतासी है। इसमें एक प्रवासी नौजवान की कहानी दिखाई गई है। नायक एक गन्ना काटने वाला शख्स है। जबरदस्ती की एक चिकित्सा प्रक्रिया के बाद नौजवान को कुछ ताकतें मिलती हैं। इसके बाद वह उन ताकतों का इस्तेमाल अपने परिवार का कर्ज उतारने के लिए करता है। फिल्म का प्रोडक्शन विक्रमादित्य मोटवानी कर रहे हैं। रिधिका के काम की बात करें तो वह हाल ही में सिस्टर मिडनाइट में नजर आई थीं। इस फिल्म को कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। फिल्म को बाफ्टा अवॉर्ड के नामांकित किय गया था। राधिका को बीआईएफए अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया था। राधिका ने फिल्म में उस महिला का किरदार निभाया था जिसे जबरदस्ती अरेंज मैरिज में घसीटा जाता है।*

### बच्चे के साथ शेयर की थी फोटो

*राधिका आप्टे ने साल 2012 में शादी कर ली थी। पिछले साल राधिका आप्टे ने अपने पति बेनेडिक्ट के साथ अपने बच्चे का स्वागत किया था। इंस्टाग्राम पर राधिका ने एक नवजात बच्चे की तस्वीर साझा की थी। इसमें वह बच्चे को स्तनपान करा रही थी। फोटो में छुट्टी के बाद काम पर उनकी वापसी को दिखाया गया था।*

# आदित्य ने हिंदी धारावाहिक में अपनी अहम भूमिका निभाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल नगर के आदित्य स्याल ने हिंदी धारावाहिक इश्क जबरिया में व्योम के किरदार में अपनी अहम भूमिका निभाई है। बता दें कि यह प्रसिद्ध धारावाहिक सन नियॉन और सन नेक्स टीवी चैनल और यू ट्यूब में रोज 10 बजे रात को प्रसारित किया जा रहा है। आदित्य स्याल इस टीवी धारावाहिक में मुख्य नेगेटिव किरदार व्योम की भूमिका में अपने दमदार और सटीक अभिनय से दर्शकों का मन मोह रहे हैं। आदित्य के प्रभावशाली अभिनय को टीवी धारावाहिक इश्क जबरिया में देख कर नैनीताल के सुप्रसिद्ध कलाकार और फिल्म जगत में अपना सिक्का जमाने वाले स्वर्गीय निर्मल पांडे का स्मरण कर रहे हैं। आदित्य स्याल नैनीताल निवासी मीरा स्याल और विक्रम स्याल के पुत्र हैं। आदित्य ने नगर के सेंट जोसेफ कॉलेज और सेंट अम्तुल पब्लिक स्कूल से अध्यापन करने के पश्चात 19 वर्ष की आयु में मिस्टर इंडिया नॉर्थ का खिताब जीता और मुंबई नगरी पहुंच कर मॉडलिंग के अनेकों असाइनमेंट्स को बखूबी अंजाम दिया।

आदित्य ने अपना पहला टीवी रोल प्रसिद्ध डांस रियलिटी शो बूगी बूगी में जावेद जाफ री के साथ 6 वर्ष की आयु में किया। नैनीताल में थिएटर करने के पश्चात आदित्य ने मुंबई में कैंडी वेब सीरीस में एक्टर रोनित रॉय के साथ और फैमिली मैंने में मनोज वाजपेई के साथ अलग अलग किरदार में एक्टिंग की, हाल ही में मार्च 2025 में अर्जुन कपूर के साथ फिल्म मेरी बीवी की शादी में भी कैमियो किया ।

इश्क जबरिया धारावाहिक के 244 संस्करण प्रसारित किए जा चुके हैं और अभी यह धारावाहिक एक वर्ष और प्रसारित किया जाना तय है । आदित्य का लक्ष्य है कि वह आने वाले समय में बॉलीवुड में बड़े पर्दे पर अपने अभिनय के प्रभाव से नैनीताल का नाम रोशन कर भविष्य में और अधिक ख्याति प्राप्त कर पाए।

CMYK

हलचल

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

● हल्द्वानी ● शनिवार ● 8 मार्च 2025

सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप



News कॉर्नर

### नगर में बाइक से हुड़दंग मचाने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में युवक को बाइक से हुड़दंग मचाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी बाइक सीज कर दी है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल क्षेत्र में एक युवक तेज साइलेंसर की आवाज के साथ बाइक दौड़ा रहा था। जिसके चलते स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं युवक की बाइक की आवाज से परेशान एक महिला ने मामले की पुलिस को शिकायत कर दी। जिसके बाद एसआई दीपक कार्की व चीता कांस्टेबल वीरेंद्र गोले ने क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान एक युवक बाइक दौड़ा रहा था। उन्होंने युवक को बाइक समेत पकड़ लिया। पूछताछ व जांच करने पर युवक के पास न तो बाइक के दस्तावेज मिले ना ही ड्राइविंग लाइसेंस मिला। वहीं साइलेंसर से भी भारी आवाज आती मिली। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि यातायात नियमों का उलंघन करते हुए हुड़दंग मचाने वाले मल्लीताल निवासी अनुराग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर दिया है।

### होटल स्वामी सुनील चंद्रा के निधन पर शोक



**नैनीताल।** नगर के प्रसिद्ध नेशनल होटल के स्वामी सुनील चंद्रा का शुक्रवार की सुबह मृत्यु होने से शहर में शोक की लहर दौड़ पड़ी। लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास पहुंचने लगे। बता दें वह शौचालय गए और वहां पैर फि सलने से वह वहां गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई। वह अपने दो पुत्रों समेत बड़े भाई सुभाष चंद्रा तथा तीन बहनें तथा भतीजे व भतीजी को रोता बिलगता छोड़ गए हैं। बता दें कि सुनील चंद्रा पूर्व विधायक स्वर्गीय बिहारी लाल के दूसरे नंबर के पुत्र थे। उनकी पत्नी का भी स्वर्गवास हो चुका है। उनके निधन पर नगर के सभी लोगों ने गहरा दुख जताया है।

# 29वें फागोत्सव के दूसरे दिन महिला होल्यारों की 14 टीमों ने मचाई धूम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित 29वें फागोत्सव के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को स्थानीय 14 टीमों ने होली गायन प्रस्तुत किया। प्रस्तुतिकरण में स्वांग सहित मोबाइल के अधिक प्रयोग पर व्यंग भी किया गया । बता दें कि फागोत्सव के द्वितीय दिन 14 टीमों ने होली की धूम मचाई । रिद्धि सिद्धि होली दल 7 नंबर समेत मां हाट कालिका समूह, स्टोनले, मां वैष्णव होली समिति आयारपाटा, महिला होली दल कृष्णापुर, संपूर्ण विमेन वेलफेयर क्लब,मा पाषाण देवी महिला होली ग्रुप,नव सांस्कृतिक सत्संग समिति स्नो व्यू,नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल, महिला होली टीम शेर का डांडा, श्री हनुमंत हनुमान मंदिर स्टाफ हाउस, नैनी महिला जागृति संस्था,नैनी जागृति समूह,जीवन वर्षा कला संगम कला समिति मेहरा गांव ने होली की रोचक प्रस्तुति दी । होलियारों में मंजू पांडे ,रश्मि सिराला,कमला पांडे,गंगा बिष्ट,संगीता अग्रवाल, दीपा नयाल,शोभा नेगी, हेमा जोशी,शांति रजवार, शाकम्बरी भंडारी,सुनीता आर्य ,दीपा जोशी,जानकी बिष्ट तथा गीता पाठक को सम्मानित किया गया। संचालन प्रो. ललित तिवारी व मीनाक्षी कीर्ति व मुकेश जोशी ने किया तथा टाइम कीपर भुवन बिष्ट रहे । फ गोत्सव के अवसर पर मीनाक्षी कीर्ति को संस्कृति संरक्षण के लिए सम्मानित किया गया । अमिता साह को राधा कृष्ण की मूर्ति भेट की गई जो एकल गायन की प्रायोजक रही। इस अवसर पर गिरीश जोशी,मनोज साह,अशोक साह,जहूर आलम, जगदीश बवाड़ी,राजेंद्र बिष्ट, विमल चौधरी,विमल साह, मिथिलेश पांडे,राजेंद्र लाल साह ,देवेंद्र लाल साह, हीरा रावत,दिनेश भट्ट, वंदना पांडे, हेमा कांडपाल, हीरा रावत, गोविंद,हरीश राणा, मोहित लाल साह, मुन्नी भट्ट, आनंद बिष्ट तथा गोविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। दूसरी ओर सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी व प्रवक्ता प्रो.ललित तिवारी के मुताबिक 8 मार्च (आज) को महिला होली का आयोजन किया गया है जिसमें अपराह्न 1 बजे सभा ने सभी को आमंत्रित किया है तथा मातृ शक्ति को महिला दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी हैं ।

# उत्तरायण क्षेत्र स्तरीय संघ का वार्षिक अधिवेशन मनाया गया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



नगर निगम द्वारा गठित उत्तरायण क्षेत्र स्तरीय संघ का वार्षिक अधिवेशन आज नगर निगम में मनाया गया।

इसमें शामिल 10 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा एक वर्ष के अंतर्गत किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि उत्तरायण क्षेत्र स्तरीय संघ द्वारा 1 वर्ष में विभिन्न कार्यों के द्वारा लगभग चार लाख रुपए की शुद्ध आई प्राप्त की गई तथा अनेक स्थानों पर स्टाल लगाकर तथा सामग्री की बिक्री कर अपने आजीविका में सुधार किया गया।

उत्तरायण क्षेत्र स्तरीय संघ की अध्यक्ष मीनाक्षी पांडे द्वारा भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा बताई गई सर्वप्रथम कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर नगर आयुक्त द्वारा सभा का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात क्षेत्र स्तरीय संघ की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत गाकर कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगाए नगर आयुक्त रिचा सिंह द्वारा स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया तथा हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया उनके द्वारा स्वयं सहायता समूह को सामग्रियों की अच्छी पैकेजिंग हेतु प्रेरित किया गया तथा हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया कार्यक्रम में नगर परियोजना प्रबंधक डॉआईपी पेंट सामुदायिक संगठन करता रजनी अर्चना सिंह भाषित पाठक प्रदीप जोशी सहित स्वयं सहायता समूह की लगभग 80 महिलाएं उपस्थित थीं।

# नियमितीकरण को 245वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन शुक्रवार को 245वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों व रीवर राफ्टिंग प्रशिक्षण में भाग ले रहे कनालीछीना के छात्रों ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर पौधा रोपण आंदोलन को सहयोग किया। दूसरी ओर कुमाऊँ मंडल विकास निगम निर्माण शाखा पिथौरागढ़ में अवर अभियंता पद पर कार्यरत जीवन पुनेठा ने अपने पुत्र यथार्थ के उपनयन संस्कार पर आंदोलन को सहयोग करते हुए पौधारोपण कार्यक्रम में अपने परिवार के साथ पौधा रोपण किया। कार्यक्रम में गोपाल बिष्ट, विजय बोरा, राजेंद्र सिंह, हर सिंह सहित स्थानीय लोग भी शामिल रहे। गुरु रानी ने कहा कि उनका आंदोलन जारी रहेगा इसी क्रम में उनके द्वारा शुक्रवार को निगम स्तर की समस्याओं के अविलंब समाधान के लिए एक पत्र निगम के प्रबंध निदेशक को लिखा है।



# भवाली के भाजपा मण्डल अध्यक्ष हिमांशु का स्वागत किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भवाली के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित करी कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर अध्यक्ष का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने संगठन की अहमियत पर जोर दिया जबकि महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने अपनी शुभकामनाएं देते हुवे संगठन के अनुशासन पर बल दिया इस अवसर पर नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भाजपा और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला मंत्री प्रकाश आर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा, प्रदेश कार्यकारणी अंबा दत्त आर्या, डा.प्रगति जैन, वर्षा आर्य, कैलाश चंद्र सुयाल, राजेंद्र कपिल, राहुल चौहान, पंकज अद्वैती, लवेंद्र सिंह क्वीरा, शिवांशु जोशी, आशुतोष चंदोला, बालम सिंह मेहरा, धीरज पढ़ालनी, शुभम कुमार, आयुष कुमार, वैभव आनन्द, कंचन साह, नंदकिशोर पांडेय, मोहम्मद जावेद, मुकेश कुमार, अजीम खान, प्रदीप कुमार बॉबी, हिमांशु रावत, हिमांशु उप्रेती, विक्रम क्वीरा, अमित पांडेय, हिमांशु बिष्ट, जीवन आर्या, दान सिंह बोरा, कुलदीप चंद्रा, मीना बिष्ट, सुधा आर्या, तनुजा बगडवाल तथा दीपा कनवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 13 मार्च होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल।** साह–चौधरी समाज नैनीताल द्वारा 13 मार्च (गुरवार)को अपराह्न एक बजे से तल्लीताल स्थित लाला परमा शिव लाल साह धर्मशाला में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नैनीताल नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। होली मिलन कार्यक्रम में डा. खेतवाल का सम्मान और स्वागत कार्यक्रम भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए शुक्रवार को बैठक की गई जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गहन मंथन किया गया और सभी सदस्यों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई।

### 12 मार्च को मैराथन दौड़ का आयोजन

**नैनीताल।** जिले के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नैनीताल शहर में 12 मार्च (बुधवार) को सुबह 8 बजे से 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। बताया कि उक्त मैराथन दौड़ मल्लीताल नैनीताल बैण्ड स्टैण्ड से मस्जिद होते हुए डिग्री कॉलेज से फ ांसी गधेरा और तल्लीताल स्टेशन होते हुए बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल नैनीताल में सम्पन्न होगी।

# पत्रकारों के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां पूरी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड के हरिद्वार में 8 और 9 मार्च को होने जा रहे देश के पत्रकारों के सबसे बडे संगठन नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संगठन के राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी, उत्तराखंड इकाई के मुख्य संरक्षक एवं चुनाव आयोग के सदस्य सुनील तलवार तथा प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडे, महामंत्री डा. नवीन जोशी तथा मुख्य संयोजक आदेश त्यागी, संयोजक राम चंद्र कन्नौजिया, धर्मेंद्र चौधरी एवं भगवान सिंह गंगोला सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा इस हेतु तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। अधिवेशन में प्रदेश के कई अति विशिष्टजनों के साथ ही संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप तिवारी सहित देश के 22 राज्यों से पत्रकार प्रतिनिधि भाग लेंगे और कई अहम विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें संगठन की द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया तथा पत्रकारों के कल्याण, संगठन की मजबूती तथा एनयूजे (आई) के नाम, कार्यालय पते और लोगो के दुरुपयोग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई, महिला पत्रकार प्रकोष्ठ व मीडिया प्रकोष्ठए सोशल मीडिया प्रकोष्ठ, आईएफजे से संबंधित विषयों और आगामी द्विवार्षिक अधिवेशन के आयोजन पर विचार.विमर्श किया जाएगा। संगठन के प्रदेश महासचिव डा.नवीन जोशी ने बताया कि अधिवेशन के दौरान 9 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से आहूत उद्घाटन सत्र में संगठन के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी भाग ले सकते हैं और इस हेतु प्रदेश भर के पत्रकारों में भी उत्साह का माहौल है।

# उत्तराखंड की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वाले मंत्री को लेकर सीएम धामी को सौंपेंगे ज्ञापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की शुक्रवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में उत्तराखंड की अस्मिता एवं स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ करने वाले गालीबाज कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारी 10 मार्च (सोमवार) को प्रदेश भर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया गया। जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती खुर्पाताल में राज्य आंदोलनकारी इंद्र सिंह मनराल की अध्यक्षता एवं पान सिंह सिजवाली के संचालन में संपन्न बैठक में मुख्य अतिथि राज्य आंदोलनकारी हुकुम सिंह कुंवर ने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा के अंदर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा द्वारा जिस तरह से असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया गया उसे न केवल समूचा उत्तराखंड बल्कि पूरा देश शर्मसार है। राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी तथा भुवन जोशी ने विधानसभा अध्यक्ष तथा उत्तराखंड सरकार व भारतीय जनता पार्टी गालीबाज अभी तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जिससे राज्य की जनता आहत है एवं आक्रोशित है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 मार्च (सोमवार) को मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को प्रकाश करने की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारी मंत्री प्रेमचंदअग्रवाल को बर्खास्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट समेत कंचन चंदोला, लक्ष्मी नारायण लोहनी, पान सिंह रौतेला, लीला बोरा, योगेश सती, राजेंद्र खुल्बे, चंद्रशेखर जोशी, बृजमोहन सिजवली, मनमोहन सिंह कनवाल, कमलेश चंद्र पांडे, महेश चंद्र जोशी, दीवान सिंह कनवाल, हीरा सिंह बिष्ट, गिरिश चंद्र जोशी, वीरेंद्र चंद्र जोशी, हेम पाठक, संजय सिंह बिष्ट, मुनीर आलम,जगदीश चंद्र तिवारी, पीतांबर तिवारी, हरेंद्र सिंह बिष्ट, दीप चंद्र तिवारी, नरेंद्र सिंह बिष्ट, हेमचंद्र वारियाल, महेश पन्त, भगवान पाठक, मुकुल कांडपाल तथा देवेंद्र बिष्ट व प्रदीप अनरिया आदि थे।